# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination - (2023 – 2024)**

**Class / Section: XI** **MM: 80**

**Subject: Hindi Core (Code 302)** **Time: 3:00 Hrs**

Name: ____________ Roll No.:__________

***(Fifteen Minutes Extra will be given for reading the Question Paper.)***

सामान्य निर्देशः

1 इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड है–खण्ड'अ' और खण्ड'ब'। खण्ड'अ' में वस्तुपरक तथा खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।

2 खण्ड'अ' में कुल 46 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं,जिनमें से केवल 40 प्रश्नों के उत्तर देने है।

3- खण्ड'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है, जिनमें कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।

4 दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं।

5 यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

**प्र01 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** **(1X10=10)**

महिलाओं की मर्यादा और उनसे दुर्व्यवहार के मामले भी अन्य मामलों की तरह न्यायालयों में ही जाते हैं, किंतु पिछले कुछ समय से ऐसे आचरण के लिए स्वयं न्यायपालिका पर उँगली उठाई जा रही है। काफी हद तक यह समस्या न्यायपालिका की नहीं , बल्कि पूरे समाज की कही जा सकती है। जज भी समाज के ही अंग है, इसलिए यह समस्या न्यायपालिका में भी दिखाई देती है। हमारे समाज में कानून के पालन को लेकर बहुत शिथिलता है और अकसर कानून का पालन न करने का सामाजिक हैसियत का मानक मान लिया जाता है। वी आई पी संस्कृति का छद्म सिद्धांत ही यह बना लिया गया है कि उसे सामान्य नियम कानून नहीं पालन करने होते, क्योंकि वह महत्वपूर्ण व्यक्ति है। छोटे शहरों, कस्बों में सरकारी अफ़सरों की हैसियत बहुत बड़ी होती है और जज भी उन्हीं हैसियत वाले लोगों में शामिल होते हैं।

ऐसे में, अगर कुछ जज यह मान लें कि वे तमाम सामाजिक मर्यादाओं से ऊपर है, तो यह हो सकता है। माना यह जाना चाहिए कि जितने ज्यादा जिम्मेदार पद पर कोई व्यक्ति है, उस पर कानून के पालन की जिम्मेदारी भी उतनी ही ज्यादा है। खास तौर से जिन लोगों

पर कानून की रक्षा करने और दूसरों से कानून का पालन कराने की जिम्मेदारी है, उन्हें तो इस मामले में बहुत ज्यादा सतर्क होना चाहिए लेकिन प्रायः ऐसा होता नहीं है। इस समस्या की ओर कई वरिष्ठ जज और न्यायविद् ध्यान दिला चुके हैं कि न्यायपालिका में निचले स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि अच्छे न्यायिक शिक्षा संस्थानों से निकले अच्छे छात्र न्यायपालिका में नौकरी करना पसंद नहीं करते, क्योंकि उन्हें कामकाज की परिस्थितियाँ और आमदनी, दोनों ही आकर्षक नहीं लगतीं।

नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट को तो बनाया ही इसलिए गया था कि अच्छे स्तर के जज और वकील वहाँ से निकल सकें लेकिन देखा यह गया है कि वहाँ से निकले ज्यादातर छात्र कार्पोरेट जगत में चले जाते हैं। अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र बजाय जज बनने के , प्रैक्टिस करना पसंद करते हैं। जजों की चुनाव प्रक्रिया में कई खामियाँ हैं, जिन्हें दूर किया जाना जरूरी है, ताकि हर स्तर पर बेहतर गुणवत्ता के जज मिल सकें।

(i) जजों को अधिक सतर्क होने की आवश्यकता है, क्योंकि –

अ उन पर कानून रक्षा का दायित्व है

ब उन्हें समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करना है

स वे कानून का पालन न करने वालों को दंडित करते हैं

द उपरोक्त सभी

(ii) वी आई पी संस्कृति का छद्म सिद्धांत से क्या अभिप्राय है ?

अ सामान्य कानून का पालन न करना

ब कानून की नजर में सब समान है

स संविधान उनके अधीन है

द उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) वर्तमान में न्यायपालिका में किस स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते हैं ?

अ उच्च स्तर पर    ब मध्यम स्तर पर

स निचले स्तर पर  द ये सभी

(iv) अच्छे स्तर के जज और वकील प्राप्त करने के लिए किस इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई ?

अ नेशनल क्राइम इंस्टीट्यूट  ब नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट

स पर्सनल लॉ बोर्ड इंस्टीट्यूट  द स्टेट लॉ बोर्ड इंस्टीट्यूट

(v) हर स्तर पर बेहतर गुणवत्ता वाले जज प्राप्त करने का क्या उपाय है ?

अ जजों की इज्जत की जाए

ब कानून पालन में छूट दी जाए

स जजों की चुनाव प्रक्रिया में कमियाँ दूर की जाएँ

द परीक्षा को आसान कर दिया जाए

(vi) नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट के अच्छे छात्रों का वर्तमान समय में जज नहीं बनने का कारण निम्न कथनों में से कौन–सा है ?

1 चुनाव की प्रक्रियाा में खामी है।

2 काम की परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं है।

3 आमदनी कम है।

कूट

अ केवल 1  ब केवल 2

स 1 और 3  द ये सभी

(vii) वी आई पी का पूरा नाम क्या है ?

अ वैरी इंपोर्टेंट पर्सन  ब वैरी इंटैलीजेंट पर्सन

स वैरी एलीजेबल पर्सन  द इनमें से कोई नहीं

(viii) नेशनल लॉ इंस्टीट्यूटके अच्छे छात्र अधिकांश किस क्षेत्र में जाना पसंद करते हैं ,

अ प्रशासनिक सेवाएँ  ब कॉर्पोरेट जगत

स राजनीतिक क्षेत्र द कृषि क्षेत्र

(ix) आजकल न्यायपालिका पर उँगली क्यों उठाई जा रही है ?

अ गलत फैसलों के कारण

ब कामचोरी की प्रवृत्ति के कारण

स महिलाओं की मर्यादा व उनसे दुर्व्यहार के कारण

द घुसखोरी के कारण

(x) कथन– (A) महिलाओं के साथ दुर्व्यहार के मामले केवल न्यायपालिका के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए समस्या हैं।

कारण (R) न्यायपालिका में निचले स्तर पर अच्छे जज नहीं मिलते।

अ कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

ब कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही हैं

स कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

द कथन (A) सही हैं लेकिन कारण (R) कथन (A) की गलत व्याख्या करता हैं।

**प्र02 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

मेरे पाँव बहुत छोटे हैं
धरती बहुत बड़ी है माँ!
मेरी उँगली थामे मेरे
बिलकुल पास खड़ी रह माँ !
तेरा नेह कवच कुंडल है,
तेरा परस ढाल मेरी,
ऐसी थकन थका हूँ अबकी
थकने लगी चाल मेरी,
अंध कूप में उतर रहा हूँ
कैसी विकट घड़ी है माँ !
मेरी उँगली थामे मेरे
बिलकुल पास खड़ी रह माँ !

जब भी चाहा सुख से जी लूँ
दुःख ने आकर घेर लिया,
जितना अधिक सहा उतना ही
नाम तुम्हारा टेर लिया ,
मरुस्थलों के तपते पथ में
तू ही मेघ–झड़ी है माँ !
मेरी उँगली थामे मेरे
बिलकुल पास खड़ी रह माँ !
राहे जिनकी मंजिल होंगी
उसको तो चलना ही होगा,
ऋतु चक्रों की हर बेला में
तू ही पुष्प–लड़ी है माँ !
मेरी उँगली थामे मेरे
बिलकुल पास खड़ी रह माँ !

(i) विषम परिस्थितियों में व्यक्ति को किसकी याद आती है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | भाई की | ब | माँ की |
| स | पिता की | द | मित्र की |

(ii) मरुस्थलों के तपते पथ में तू ही मेघ–झड़ी है माँ ! का भाव है

अ मरुस्थल की गर्मी में माँ ही पानी पिलाती है

ब मरुस्थलों के निर्जन प्रदेश में परिवार के लोगों के सिवाय कोई नहीं मिलता

स परेशानियों में माँ का ही सहायता मिलता है

द मरुस्थल की तपती रेत पर माँ छिड़काव कर उसे ठंडा कर देती है।

(iii) कवि ने माँ को किसकी उपमा दी है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | विकट घड़ी | ब | पुष्प लड़ी |
| स | मेघ–झड़ी | द | ख और ग दोनों |

(iv) कवि ने माँ के स्नेह की तुलना किससे की है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| अ | सुदृढ़ किले से | ब | कवच व कुंडल से |

स घनी छाया से | द स्वादिष्ट पकवानों से

(v) सूची 1 को सूची 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चयन करके लिखिए

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| क कवच कुंडल | 1 माँ का स्पर्श |
| ख बच्चे की ढाल | 2 माँ का स्नेह |
| ग तपता मरुस्थल | 3 जीवन की बाधाएँ |

कूट

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | 3 | 1 | 2 | ब | 1 | 3 | 2 |
| स | 1 | 2 | 3 | द | 2 | 1 | 3 |

**प्र03 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए– (1X5=5)**

(i) संचार का अर्थ है

अ अपनी बात कहना | ब संदेशों का अदान–प्रदान करना

स अनुभव करना | द विभिन्न क्रिया–कलाप उकरना

(ii) महाभारत का युद्ध का विवरण किसने सुनाया था ?

अ नारद ने | ब संजय ने

स विदुर ने | द अश्वतथामा ने

(iii) वॉचडॉग पत्रकारिता से क्या आशय है ?

अ विशेष तथ्यों व सूचनाओं को एकत्रित करना

ब सरकार के कामकाज पर निगाह रखना तथा किसी की गड़बड़ी पर उसका पर्दाफाश करना

स समाचारों की त्रुटियों को दूर करना

द इनमें से कोई नहीं

(iv) निम्न में कौन–सी घटना समाचार नहीं हो सकती है ?

अ युद्ध का देखा हाल

ब दो टीमों का मुकाबला

स किसी लाकप्रिय व्यक्ति का जन्मदिन

द किसी आम आदमी के घर में कलह

(v) कॉलम 'क' का कॉलम 'ख' से उचित मिलान कीजिए

| कॉलम 'क' | कॉलम 'ख' |
|---|---|
| 1 एनकोडिंग | (a) संदेश का कूटवाचन |
| 2 डिकोडिंग | (b) प्राप्तकर्ता द्वारा की गई प्रतिक्रिया |
| 3 शोर | (c) संदेश का कूटीकरण |
| 4 फीडबैक | (d) संचार प्रक्रिया में आने वाली बाधाएँ |

कूट

| | 1 2 3 4 | | 1 2 3 4 |
|---|---|---|---|
| अ | d, b, c, a | ब | c, a, d, b |
| स | a, b, c, d | द | b, a, d, c |

**प्र04 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

चंपा काले–काले अच्छर नहीं चीन्हती
मैं जब पढ़ने लगता हूँ वह आ जाती है
खड़ी खड़ी चुपचाप सुना करती है
उसे बड़ा अचरज होता है
इन काले चीन्हों से कैसे ये सब स्वर
निकला करते हैं।

(i) चंपा कौन है ?

अ कविता में चंपा कवि की पत्नी है

ब चंपा एक निरक्षर गाँव की लड़की है

स चंपा एक पढ़ी–लिखी गाँव की लड़की है

द चंपा एक निरक्षर शहर की लड़की है

(ii) कवि के अनुसार चंपा क्या नहीं जानती ?

अ वह अक्षरों का महत्व नहीं जानती

ब वह आदमी का महत्व नहीं जानती

स वह किताबों को नहीं पहचानती

द वह गांधी जी को नहीं जानती

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A) चंपा पढ़ना चाहती है।

कारण (R) चंपा को कवि को पढ़ते देख आश्चर्य होता है।

अ कथन (A) सही है, किंतु कारण(R) गलत है

ब कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है

स कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता

द कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है परंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता

(iv) चंपा को क्या आश्चर्य होता है ?

अ काले अच्छरों में इतने स्वर कैसे छिपे हे। ब कवि कैसे पढ़ता है

स ये अच्छर लिखें कैसे हैं द इनमें से कोई नहीं

(v) 'अच्छर' शब्द है ।

अ तत्सम शब्द ब ग्राम्य शब्द

स शहरी शब्द द विदेशज शब्द

**प्र05 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए – (1X5=5)**

जब नमक नया विभाग बना और ईश्वर प्रदत्त वस्तु के व्यवहार करने का निषेध हो गया तो चोरी छिपे इसका व्यापार करने लगे। अनेक प्रकार के छन–प्रपंचों का सूत्रपात हुआ, कोई घूस से काम निकालता था , तो कोई चालाकी से। अधिकारियों के पौ–बारह थे। पटवारीगिरी का सर्व सम्मानित पद छोड़–छोड़कर लोग इस विभाग की बरकंदाजी करते थे। इसके दारोगा पद के लिए तो वकीलों का भी जी ललचाता था। यह वह समय था, जब अंग्रेजी शिक्षा और ईसाई मत को लोग एक ही वस्तु समझते थे। फ़ारसी का प्राबल्य था। प्रेम कथाएँ और श्रृंगार रस के काव्य पढ़कर फ़ारसीदां लोग सर्वोच्च पदों पर नियुक्त हो जाया करते थे।

(i) गद्यांश के अनुसार, ईश्वर प्रदत्त वस्तु क्या है ?

अ धन–दौलत ब प्रेम की कथाएँ

स नमक द मनुष्य की चतुराई

(ii) जब नमक का नया विभाग बना , तो क्या हुआ ?

अ नमक का निर्माण करना बंद हो गया

ब लोग चोरी–छिपे नमक का व्यापार करने लगे

स अ और ब दोनों

द उपरोक्त में से कोई नहीं

(iii) अनेक छल प्रपंचों का सूत्रपात कब हुआ ?

अ नमक का नया विभाग बनने से

ब नमक को खरीदने से

स वकालत का नया कानून बनने से

द अंग्रेजी प्रशासन से

(iv) 'पौ–बारह होना' का क्या अर्थ है ?

अ अत्यधिक खुशी होना

ब सभी ओर से लाभ होना

स क्रोधित होना

द खुशियाँ मनाना

(5) कॉलम 1 और कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए –

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
| --- | --- |
| क ईश्वर प्रदत्त | 1 लालच आता था |
| ख जी ललचाता था | 2 फारसी पढ़े–लिखे लोग |
| ग फारसीदां लोग | 3 प्राकृतिक वस्तु |

कूट

| | क | ख | ग | | क | ख | ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | 3 | 1 | 2 | ब | 1 | 3 | 2 |
| स | 1 | 2 | 3 | द | 2 | 1 | 3 |

## पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2

**प्र06 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए –** **(1X10=10)**

(i) 'चेलंबाजी' का क्या अर्थ है

अ कुईं खोदने वाला चेजारों व्यक्ति

ब कुआँ खोदने वाला व्यक्ति

स कुआँ का स्थान

द कुईं का स्थान

(ii) पालर पानी क्या होता है ?

अ जो पानी कुईं में जमा होता है

ब जो पानी जमीन के अंदर जमा है

स उपरोक्त में से कोई नहीं

द जो पानी धरातल पर बहता है

(iii) आचप्रथा क्या है ?

अ कारीगरों को रोजगार देने की प्रथा

ब कारीगरों को उचित मजदूरी देने की प्रथा

स कारीगरों को सम्मानित करने की प्रथा

द कारीगरों को भोजन देने की प्रथा

(iv) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए –

1 कुईं का व्यास, घेरा बहुत ही संकरा होता है।

2 राजस्थान में कुईं का निर्माण करने वालों को चेजारो कहते हैं।

3 कुईं की चिनाई ईंट व सीमेण्ट द्वारा की जाती है।

उपरोक्त में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं।

अ कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है

ब कथन (A) सही नहीं है लेकिन कारण (R) सही है।

स कथन (A) सही है तथा कारण (R) गलत है।

द कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही करता है।

## **खण्ड 'ब'** (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्र07 निम्नलिखित दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए – (5X1=5)**

अ वर्तमान समय में सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप

ब स्कूल की छुट्टियाँ

स 'परीक्षा के दिन' विषय पर अपने परीक्षा के दिनों का वर्णन करते हुए लेख लिखिए

**प्र08** आपके मोहल्ले के मुख्य पार्क पर कुछ लोगों तथा टेंट मालिकों ने अवैध रूप से कब्ज़ा कर रखा है, जिससे बच्चों को खेलने में असुविधा होती है। इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए क्षेत्र के थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

आपके क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था अत्यंत दयनीय है। क्षेत्र में गंदगी फैली हुई है। इसके प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए किसी समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**प्र09 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए– (2X2=4)**

क डायरी लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?

अथवा

पहली बार किसी नाटक में भाग लेने के अनुभव को डायरी में लिखिए।

ख नाटक और फिल्म की पटकथा में क्या अंतर है ? लिखिए।

अथवा

पटकथा और कंप्यूटर के अंतर्संबंध पर प्रकाश डालिए।

अ 1 और 3 | ब 1 और 2

स 1, 2 और 3 | द केवल 1

(v) 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ के अनुसार, वर्षा की मात्रा नापने के लिए किस शब्द का प्रयोग होता है ?

अ पट्टी | ब इंच

स सेमी | द रेजा

(vi) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड : लता मंगेशकर' पाठ के अनुसार चित्रपट संगीत कैसा होता है ?

अ लचकदार | ब गाम्भीर्यता लिए

स नीरस | द स्थिर

(vii) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड : लता मंगेशकर' पाठ का प्रमुख लक्ष्य क्या है ?

अ संगीत में अभिरुचि उत्पन्न करना

ब लता मंगेशकर का परिचय देना

स शास्त्रीय संगीत से परिचय कराना

द चित्रपट संगीत को प्रकाशित करना

(viii) लता के गायन की प्रमुख विशेषता क्या है ?

अ नादमय उच्चरण | ब शास्त्रीय संगीत की विशेषज्ञ

स पाश्चात्य संगीत का ज्ञान | द हारमोनियम बजाने में कुशल

(ix) 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड : लता मंगेशकर' पाठ के अनुसार लता प्रायः किस पट्टी में गीत गाए हैं ?

अ ऊँची पट्टी में | ब निम्न पट्टी में

स मध्यम पट्टी | द ये सभी

(x) निम्नलिखित कथन कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) शास्त्रीय गान औ लता के गान में से लोग लता के गाने को ही अधिक पसंद करते हैं।

कारण (R) लता का गानपन, उनका सुरीलापन एवं मस्त करने वाला स्वर है।

**प्र010 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X1=3)**

क परीक्षा में प्रथम अंक लाने पर आपका मन अति प्रसन्न हुआ इस पर आज का अनुभव अपनी डायरी में लिखिए।

ख पटकथा की संरचना किस प्रकार होती है ?

**प्र011 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

क 'मेरे तो गिरधर गोपाल '– पद का भाव स्पष्ट कीजिए।

ख 'घर की याद' कविता में पिता के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं को उकेरा गया है ? लिखिए।

ग कबीर ने ऐसा क्यों कहा है कि संसार नश्वर है, परंतु आत्मा अमर है ? स्पष्ट कीजिए।

**प्र012 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(2X2=4)**

क यदि चंपा पढ़ी लिखी होती, तो कवि से कैसी बाते करती ? 'चंपा काले–काले अच्छर नहीं चीन्हती' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख कवि भवानी प्रसाद मिश्र स्वयं को अभागा क्यों कहता है ? 'घर की याद' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ग राणा ने मीरा के पास क्या भेजा तथा क्यों ?

**प्र013 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(3X2=6)**

क शिवशंभू की दो गायों की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है ? विदाई संभाषण पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ख किसी फिल्म की शूटिंग करते समय फ़िल्मकार को किन–किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? 'अपू के साथ ढाई साल' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए।

ग मोहन के लखनऊ आने के बाद के समय को लेखक ने उसके जीवन का एक अध्याय क्यों कहा है ? 'गलता लोहा' पाठ के आधार पर लिखिए।

**प्र014 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 40 शब्दों में उत्तर दीजिए–** **(2X2=4)**

क मुंशी वंशीधर को सरकारी नौकरी से क्यों हटा दिया गया ?

ख भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया ? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया ?

ग मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है ?

## पूरक पाठ्यपुस्तक वितान भाग 2

**प्र015 निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के लगभग 60 शब्दों में उत्तर दीजिए— (3X1=3)**

शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में क्या अंतर होता है ?

अथवा

पानी को बचाने हेतु हमें क्या—क्या उपाय करने चाहिए। 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ को आधार मानकर लिखिए।

——000——